CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:17 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



अस्पताल में भर्ती हैं अमिताभ ?...पेज-3 पर

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 292 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 20 मई 2026

## News कॉर्नर

### अस्पताल में एसी में शॉर्ट सर्किट होने से लगी आग, एक बुजुर्ग महिला की मौत, दो की हालत गंभीर

**देहरादून।** देहरादून हरिद्वार रोड स्थित पैनेसिया हॉस्पिटल में बुधवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक बुजुर्ग महिला बीरावती की मौत हो गई है। जबकि दो की हालत गंभीर है।जानकारी के मुताबिक अस्पताल में आग एसी में शॉर्ट सर्किट होने के कारण लगी, जिसके बाद पूरे परिसर में धुआं फैल गया और मरीजों व स्टाफ के बीच हड़कंप मच गया। घटना के समय अस्पताल के आईसीयू में छह मरीज भर्ती थे। धुआं फैलते ही अस्पताल स्टाफ, राहत टीमों और स्थानीय प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालकर अन्य अस्पतालों में शिफ्ट कराया। आग और धुएं की चपेट में आने से अस्पताल के कुछ कर्मचारी भी घायल हुए, जिन्हें भी उपचार के लिए दूसरे अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

### राहुल गांधी के अमेठी पहुंचने से पहले पूरे शहर में लगे विवादित पोस्टर

**अमेठी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रस्तावित दौरे से पहले जिले का राजनीतिक पारा चढ़ गया है। शहर के कई प्रमुख स्थानों पर विवादित पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें कांग्रेस और स्थानीय सांसद किशोरी लाल शर्मा पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इन पोस्टरों के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों के बीच चर्चाएं तेज हो गई हैं। पोस्टरों पर मुख्य रूप से लिखा गया है— दो साल किशोरी तुमने लाल क्या किया? इसके जरिए सांसद बनने के बाद उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों का हिसाब मांगा गया है। एक पोस्टर में आरोप लगाया गया है कि सांसद निधि से केवल एक स्कूल बस दी गई, वह भी एक कांग्रेस नेता के निजी विद्यालय को आवंटित कर दी गई।

## अलविदा: सीएम, उपराष्ट्रपति समेत राजनेताओं ने दी खंडूड़ी को श्रद्धांजलि

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

49 दिनों से अस्पताल में भर्ती पूर्व सीएम मेजर जनरल बीसी खंडूड़ी का मंगलवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर से प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। देहरादून उनके आवास पर पहुंचकर उपराष्ट्रपति ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम धामी सहित कई राजनेता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व सीएम मेजर जनरल बीसी खंडूड़ी (सेनि.) के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि देश के विकास में उनका योगदान मील के पत्थर के रूप में बना रहेगा। उनके निधन से देश एक विशिष्ट सैनिक, सक्षम प्रशासक और असाधारण सत्यनिष्ठ वाले राजनेता को खो दिया है। उपराष्ट्रपति आज सुबह खंडूड़ी को श्रद्धांजलि देने उनके बसंत विहार स्थित घर पहुंचे। यहां उन्होंने उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी समेत कई नेताओं के हरिद्वार खड़खड़ी पहुंचने की सूचना है। बीती 17 जनवरी को देहरादून आए उप राष्ट्रपति ने आवास पहुंचकर खंडूड़ी से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना था। इस दौरान उन्होंने लोकसभा में पूर्व सहकर्मी के रूप में अपने संबंधों को याद किया था।



### दिल का दौरा पड़ने से हुआ बीसी खंडूड़ी का निधन

पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेनि.) की हल्का दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। वह 49 दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। मंगलवार सुबह 11.10 बजे उन्होंने 91 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। अस्पताल प्रबंधन की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक मेजर जनरल बीसी खंडूड़ी (सेनि.) को एक अप्रैल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों की जांच में उनकी आंतों में रक्तस्राव होने की बात सामने आई थी। चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा था। मंगलवार सुबह करीब 11.10 मिनट पर उन्हें हल्का कार्डियक अरेस्ट आया और उनकी मृत्यु हो गई।

डिनर के दौरान वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा

## पीएम मोदी का इटली दौरा जॉर्जिया मेलोनी की मुलाकात

**नई दिल्ली**

एजेंसी

पांच देशों के दौरे के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की।

दोनों नेताओं ने डिनर के दौरान वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने मुलाकात की खास तस्वीरें साझा करते हुए भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की उम्मीद जताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली के दौरे पर रोम पहुंचने के बाद पीएम जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने बताया कि दोनों नेताओं ने डिनर के दौरान कई अहम वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। इसके बाद दोनों नेताओं ने रोम के ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित कोलोसियम का भी दौरा किया। इससे पहले मोदी के रोम पहुंचने पर मेलोनी ने सोशल मीडिया पर उनका स्वागत करते हुए लिखा कि रोम में आपका स्वागत है मेरे दोस्त।



### अगले महीने मिल सकते हैं पीएम मोदी-ट्रंप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून में फ्रांस में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यहां उनकी मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से हो सकती है। 16 महीने बाद होने वाली इस संभावित मुलाकात पर सबकी नजर है। इस सम्मेलन में फ्रांस ने भारत को विशेष अतिथि के रूप में बुलाया है।

अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात हो सकती है। यह मुलाकात फ्रांस में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान होने की संभावना है। अगर ऐसा होता है, तो 16 महीनों से भी ज्यादा समय के बाद दोनों नेता पहली बार आमने-सामने होंगे। फिलहाल पूरी दुनिया की नजरें इस संभावित मुलाकात पर टिकी हैं।

## हादसा: हाईवे पर अज्ञात वाहन में घुसी कार, चालक समेत चार युवकों की मौत, दो युवक घायल

**अमरोहा**

हमारे संवाददाता

यूपी में बड़ा हादसा हुआ है। अमरोहा का गजरौला में एक कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन में घुस गई। हादसे में चालक समेत चार युवकों की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस तीन की पहचान के प्रयास में जुटी है।

उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। गजरौला में हाईवे पर दिल्ली की तरफ जाते समय अज्ञात वाहन में पीछे से वैगनआर कार घुस गई। हादसे में चालक मोहम्मद सलमान (27) समेत चार युवकों की मौत हुई है। जबकि दो युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सलमान रामपुर के पंखेवालान गेट बमनपुरी का रहने वाला था। तीन मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। रामपुर के पंखेवालान गेट बमनपुरी निवासी तनवीर ने पुलिस को बताया कि उनके भाई मोहम्मद सलमान टैक्सी में वैगनआर कार चलाते थे।

दूसरे प्रदेश के पांच युवक रामपुर में दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे थे,



लेकिन रामपुर में उनकी ट्रेन छूट गई। इस कारण बुधवार सुबह वैगनआर में सवार हो गए। उनको सलमान दिल्ली छोड़ने जा रहे थे। करीब 4 बजे उनकी वैगनआर कार ख्यालीपुर ढाल से लगभग 200 मीटर आगे पहुंची थी। बताया जा रहा है कि यहां पर आगे चल रहे अज्ञात वाहन में कार घुस जाने से कार चालक मोहम्मद सलमान समेत चार युवकों की मौत हो गई। कार में सवार हसनैन व समेतुल इस्लाम घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर यूपी-112 के पुलिस कर्मी पहुंच गए।

## पुलिस पर हमला कर भाग रहे बुलेट सवार को दबोचा, कांस्टेबल को टक्कर मारकर किया घायल

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के सख्त निर्देशों के तहत कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस से बचने के लिए भाग रहे एक बुलेट सवार युवक ने पुलिस टीम पर हमला कर कांस्टेबल को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

वाहन चेकिंग के दौरान बुलेट मोटरसाइकिल संख्या यूके04 जेड 4055 के चालक ने पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए भागने का प्रयास किया। इस दौरान उसने पुलिस टीम पर हमला करते हुए कांस्टेबल ललित नाथ को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। एसपी मनोज कत्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। कांस्टेबल ललित नाथ की तहरीर के आधार पर थाना हल्द्वानी में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुलेमान निवासी वार्ड नंबर-14, सफदर का बगीचा, थाना बनभूलपुरा, के रूप में हुई है। वह एसी रिपेयरिंग का कार्य करता है।

### सोनप्रयाग-गौरीकुंड मार्ग पर भूस्खलन, रेस्क्यू अभियान

**देहरादून।** केदारनाथ यात्रा के दौरान बीती रात्रि हुई तेज बारिश के कारण सोनप्रयाग-गौरीकुंड मार्ग पर तीन स्थानों पर भूस्खलन होने से यात्रा मार्ग अवरुद्ध हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस एवं अन्य राहत टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से घटनास्थल का जायजा लिया। लगातार स्थिति पर नजर बनाते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों से पल-पल की जानकारी लेते रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग को जल्द से जल्द सुचारु किया जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## हेलिकॉप्टर की खेतों में इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे

**नई टिहरी**

हमारे संवाददाता

हाईटेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आने से एक हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हेलिकॉप्टर में छह यात्री सवार थे, जो बदरीनाथ धाम दर्शन कर लौट रहे थे।

चंबा-आराकोट क्षेत्र के ऊपर उड़ान के दौरान ट्रांस भारत एविएशन कंपनी के एक हेलिकॉप्टर को तकनीकी समस्या होने पर सत्यो-सकलाना क्षेत्र के खेतों में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हेलिकॉप्टर में पायलट सहित कुल छह यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। हेलिकॉप्टर बदरीनाथ धाम से देहरादून की ओर जा रहा था। उड़ान के दौरान हाईटेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आने से हेलिकॉप्टर के पिछले हिस्से को क्षति पहुंची। घटना



की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, प्रशासन एवं संबंधित विभागों की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा एवं राहत कार्य शुरू किया गया। क्षेत्र में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्राथमिक जांच में सभी यात्री सुरक्षित पाए गए हैं। घटना के कारणों की विस्तृत जांच संबंधित तकनीकी एवं एविएशन एजेंसियों द्वारा की जा रही है। जनपद पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि घटना से संबंधित अपुष्ट अथवा भ्रामक सूचनाओं का प्रसार न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के सीओ डॉ आशीष चौहान ने बताया कि एमरजेंसी लैंडिंग की जांच की जा रही है। हालांकि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज हवाओं के कारण हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है।

# अभिमत



## जनहित अथवा 'पैसा हित'

*व्यक्तिगत और सामूहिक समस्या के लिए न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने का प्रावधान किया गया। शुरुआत में जनहित याचिकाओं के माध्यम से बहुत लोगों का हित हुआ और प्रशासन को न्यायालय के आदेश का पालन करके जनहित के निर्णय लेने पड़े। अब जनहित याचिका का दुरुपयोग होने लगा है। सुप्रीमकोर्ट ने कहा है कि जनहित याचिका अब 'निजी हित याचिका', 'प्रचार हित याचिका', 'पैसा हित याचिका' और 'राजनीतिक हित याचिका' बनकर रह गई है। ऐसी याचिका कूड़ेदान में फेंकने लायक है।*

शासन और प्रशासन से गुहार लगाने के बाद जन समस्या का समाधान नहीं होने पर न्यायपालिका का दरवाजा खटखटाया जाता है। व्यक्तिगत और सामूहिक समस्या के लिए न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने का प्रावधान किया गया। शुरुआत में जनहित याचिकाओं के माध्यम से बहुत लोगों का हित हुआ और प्रशासन को न्यायालय के आदेश का पालन करके जनहित के निर्णय लेने पड़े। अब जनहित याचिका का दुरुपयोग होने लगा है। सुप्रीमकोर्ट ने कहा है कि जनहित याचिका अब 'निजी हित याचिका', 'प्रचार हित याचिका', 'पैसा हित याचिका' और 'राजनीतिक हित याचिका' बनकर रह गई है। ऐसी याचिका कूड़ेदान में फेंकने लायक है। केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर संविधान पीठ ने कई सख्त टिप्पणियां की हैं। यह जनहित याचिका इंडियन यंग लॉयर्स एसोसियेशन ने दायर की है। शीर्ष अदालत ने फटकार लगाते हुए कहा कि आपने मंदिर में प्रवेश जैसे धार्मिक मुद्दे के लिए याचिका क्यों दायर की, क्या आपको और कोई काम नहीं है? क्या आप देश के मुख्य पुजारी हैं? दरअसल यह याचिका वर्ष 2006 में दायर की गई थी। बीस साल बीत गये। अब मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने कहा कि शुरू में ही इस तरह की याचिका खारिज कर देनी चाहिए थी। न्यायमूर्ति की इस बात पर भविष्य में अमल किया जाना चाहिए। अनावश्यक मुद्दे को लेकर बीस साल तक न्यायालय के समय की भरपाई असंभव है। याचिका दायर करने वाले के साथ ही उसे सुनवाई के लिए स्वीकार करके बीस साल बर्बाद करने वालों पर सवाल उठना लाजिमी है। ऐसी याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता हैं। उन्हें वकीलों के समुदाय और युवा वकीलों के कल्याण के लिए काम करने की नसीहत दी गई। दरअसल मामला जनहित नहीं, बल्कि पैसा कमाना और प्रचार पाना है। पैसा हित की अंधी दौड़ में समाज के अनेक वर्ग के लोग अपने कर्तव्य से विमुख हो गये हैं। वकीलों की जिम्मेदारी अपराधी को बचाने के लिए हर तरह की कोशिश करना अथवा मंदिर आदि के अनावश्यक मुद्दे उठाकर समाज में साम्प्रदायिकता भड़काना नहीं है। हिन्दुओं के धर्मस्थल, पूजा के नियम और प्रवेश करने वालों को लेकर आवाज उठाना आसान है। सबरीमाला मंदिर के बारे में याचिका दायर करने वाले क्या समुदाय विशेष के धार्मिक मुद्दे पर याचिका दायर करने का साहस जुटा सकते हैं?

# नव नियुक्त प्राध्यापकों के साथ कुलपति ने की बैठक

### विश्वविद्यालय में नवाचार, शोध एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो.(कर्नल). दीवान सिंह रावत ने मंगलवार को विश्वविद्यालय में नव नियुक्त प्राध्यापकों एवं उनके विभागाध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालय में नवाचार, शोध एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जानकारी दी गई कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक नव नियुक्त प्राध्यापक को शोध कार्यों के लिए 6 लाख रुपये तक का अनुसंधान अनुदान प्रदान किया गया है। कुलपति प्रो. रावत ने इस पहल को विश्वविद्यालय में शोध संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।कुलपति प्रो. रावत ने विशेष प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विभागाध्यक्षों ने नव नियुक्त शिक्षकों को विभागों में कार्यालय मुहैया कराए हैं जिससे उन्हें शैक्षणिक एवं शोध कार्यों के लिए बेहतर वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने विभागाध्यक्षों के सहयोग की



सराहना की।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. रावत ने नव नियुक्त प्राध्यापकों का स्वागत करते हुए उनसे विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विकास, गुणवत्तापूर्ण शोध तथा नवाचार तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा प्राध्यापकों की ऊर्जा एवं नवीन दृष्टिकोण विश्वविद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक में नव नियुक्त प्राध्यापकों में प्रो. दीपक पालीवाल एवं प्रो. प्रीति आर्या, एसोसिएट प्रोफेसरों में डॉ. बामा प्रसाद दत्ता, डॉ. मीनू रानी, डॉ. रमेश चंद्र बेलवाल, डॉ. जिबू साबू एम तथा उप पुस्तकाध्यक्ष डॉ चारु चंद्र तिवारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रो. एल. एम. जोशी,प्रो. ज्योति जोशी, प्रो. चंद्रकला रावत, प्रो. आशीष मेहता तथा प्रो. अनीता पाण्डे भी उपस्थित रहे।

## उपनल संविदा कर्मियों का मामलाःहाईकोर्ट ने सरकार को दी 28 मई तक की मोहलत

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी विभागों में वर्षो से लगे उपनल संविदा कर्मचारियों को आदेश होने के बाद भी सरकार द्वारा नियमित नहीं करने और उन्हें चयनित वेतनमान नहीं दिये जाने तथा उनको दिए गए वेतन से जीएसटी काटे जाने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की।

बता दें मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया गया कि इनको नियमित करने पर राज्य सरकार के ऊपर 1300 करोड़ रुपएं का अतरिक्त भार पड़ेगा। सरकार को इसके लिए अतरिक्त समय दिया जाय। याचिकाकर्ताओं कि तरफ से कहा गया कि सरकार कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं करना चाह रही है। बार बार कोर्ट से समय मांगे जा रही है जबकि यह कोर्ट के आदेशों का उलंघन है, जिस पर कोर्ट ने सरकार से कहा है कि अगले 28 मई को सरकार ने क्या निर्णय लिया कोर्ट को अवगत कराएं।

## नहीं रहे नैनीताल मां पाषाण देवी के अनन्य भक्त जनरल खंडूड़ी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पूर्व मुखयमंत्री मेजर जनरल (रिटायर्ड) भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन पर नैनीताल में गहरा शोक व्याप्त है, विशेष रूप से नगर के ठंडी सड़क स्थित प्रसिद्ध श्री मां पाषाण देवी मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट ने उनके निधन को एक व्यक्तिगत क्षति बताया है।

पुजारी भट्ट ने खंडूड़ी के साथ जुड़ी पुरानी यादों को साझा करते हुए बताया कि जनरल साहब का इस मंदिर और नैनीताल से गहरा और आत्मीय नाता था। पुजारी जगदीश भट्ट के अनुसार खंडूड़ी की माता रानी के प्रति अटूट आस्था थी। उनके लिए राजनीति से ऊपर भक्ति और सेवा थी। पुजारी भट्ट ने उस ऐतिहासिक पल को याद करते हुए बताया कि जब 8 मार्च 2007 को उन्होंने पहली बार उत्तराखंड के मुखयमंत्री पद की जिमेदारी संभाली, तो उसके ठीक अगले दिन यानी 9 मार्च को सीधे पाषाण देवी मंदिर पहुँचे थे। उन्होंने प्रोटोकॉल की परवाह किए बिना तल्लीताल गांधी चौक से वाहन से उतकर एक साधारण भक्त की तरह ठंडी सड़क पर पैदल



चलकर माता के दरबार में मत्था टेका था। भट्ट ने बताया कि खंडूड़ी जी जब भी नैनीताल के दौरे पर आते थे मंदिर जरूर आते थे। उनकी सादगी का आलम यह था कि वे घंटों मंदिर परिसर में बैठकर आध्यात्मिक शांति महसूस करते थे। उनके कार्यकाल में मंदिर के विकास में भी काफी मदद मिली।

पुजारी भट्ट की मानें तो बीते लंबे समय से खंडूड़ी जी का स्वास्थ्य खराब चल रहा था उसके बाद भी जब भी उनकी पुत्री वर्तमान में विधान सभा अध्यक्ष रितु खंडूड़ीजबभी नैनीताल आती थीं तो वह मंदिर से ही वीडियोकाल के माध्यम से मां पाषाण देवी के दर्शन करवाती थीं। भट्ट ने कहा कि आज उनके जाने से पाषाण देवी मंदिर ने अपना एक सबसे समर्पित भक्त खो दिया है।

## याचिकाकर्ता अपना प्रत्यावेदन संबन्धित अधिकारी को दें:हाईकोर्ट

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एस्कॉर्ट फ़ार्म काशीपुर में सीलिंग की भूमि के पट्टे आबंटन के दौरान हुई अनियमितता को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ ने जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए याचिकाकर्ता से कहा है कि वे इस संबंध में अपना प्रत्यावेदन संबन्धित अधिकारी को दें। संबन्धित अधिकारी उस पर विधि अनुसार निर्णय लें क्योंकि जनहित याचिका में लाभार्थियों को पक्षकार नहीं बनाया गया है। मामले के अनुसार काशीपुर निवासी अशोक कुमार ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि काशीपुर में एस्कार्ट फ़ार्म के पास सीलिंग की भूमि को अधिकृत किया गया था जो अतरिक्त भूमि आ गयी थी। उसे पट्टो में बदलकर एसटी और एससी लोगो को दिया जाना था। लेकिन पट्टे आबंटन के दौरान बडी अनियमितता बरती गई।

## नैनीताल में पूर्व सीएम खंडूड़ी के निधन पर विभिन्न संगठनों ने जताया शोक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सूबे के पूर्व सीएम मेजर जनरल (रिटायर्ड) भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन पर नैनीताल में विभिन्न संगठनों ने गहरा दुःख जताया है।

जिला बार एसोसिएशन नैनीताल की शोक सभा एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें पूर्व मुखयमंत्री भुवन चन्द्र खंडूड़ी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस दौरान एसोसिएशन के सचिव संजय सुयाल, पूर्व अध्यक्ष ज्योति प्रकाश समेत दयाकृष्ण पोखरिया, नवीन भटट, कमल सुयाल, राकेश सुयाल,भगवत जन्तवाल तथा निलेश भटट व अन्य ने स्व. खंडूड़ी के कार्यों पर प्रकाश डाला एवं श्रद्धांजली अर्पित की। दूसरी ओर कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने भी पूर्व सीएम खंडूड़ी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। कूटा ने कहा है कि पूर्व मुखयमंत्री का जाना बहुत दुख की घड़ी है । वह अनुशासन प्रिय तथा प्रदेश के विकास में हमेशा तत्पर रहे । कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने दुःख जताया।



# फिल्मी दुनिया

## दो दिन से अस्पताल में, सोशल मीडिया पर हुए कई दावे



*मंगलवार देर रात खबर सामने आई कि अमिताभ बच्चन बेहद गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। वो दो दिन से नानावटी हॉस्पिटल में हैं और अभिषेक बच्चन भी उनके साथ मौजूद हैं। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को लेकर मंगलवार शाम अफवाह उड़ी कि वो बेहद गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। हालांकि यह अफवाह सच साबित नहीं हुई। अभिनेता ने मंगलवार देर रात दो दिन के अंतराल के बाद एक ट्वीट और ब्लॉग पोस्ट शेयर कर अपनी सेहतमंदी का इशारा कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने इन अफवाहों पर जवाब भी दे दिया है।*

*इससे पहले विक्की ललवानी ने अपने यूट्यूब अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर दावा किया था कि अमिताभ मुंबई के नानावटी अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें 16 मई को वहां भर्ती करवाया गया था। उन्होंने ये भी दावा किया कि अभिषेक बच्चन भी मंगलवार शाम साढ़े 4 बजे पिता को देखने अस्पताल पहुंचे थे। वहीं, कुछ सूत्रों की मानें तो अमिताभ रुटीन चेक-अप के लिए अस्पताल गए थे और जांच के बाद वे घर लौट आए। उनकी सेहत बेहतर है और घबराने वाली कोई बात नहीं। सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन 83 साल की उम्र में भी अपने काम को लेकर काफी एक्टिव हैं।*

### अमिताभ बच्चन का वर्कफ्रंट

*83 साल के अमिताभ बच्चन केबीसी के इस सीजन की शूटिंग खत्म होने के बाद से घर पर हैं। आखिरी बार वो साल 2024 में रिलीज हुई दो फिल्मों में नजर आए थे। इसमें से एक तमिल एक्शन ड्रामा फिल्म वेट्टैयन थी जिसमें रजनीकांत मुख्य भूमिका में थे। दूसरी थी नाग अश्विन की कल्कि 2898 AD, जिसमें बिग बी ने अश्वत्थामा की अहम भूमिका निभाई थी।*

News कॉर्नर

## कुमाऊं विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राजकीय शोक घोषित

नैनीताल । उत्तराखण्ड के पूर्व मुखयमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी के आकस्मिक निधन पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में तीन दिवसीय राजकीय शोक घोषित किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कार्यालय आदेश जारी कर समस्त परिसरों एवं विभागों को आवश्यक निर्देश प्रेषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने पूर्व मुखयमंत्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मेजर जनरल भुवन चन्द्र खण्डूड़ी ने उत्तराखण्ड राज्य के विकास, सुशासन तथा जनसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका निधन राज्य एवं देश के लिए अपूरणीय क्षति है। विवि के प्रभारी कुलसचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार उत्तराखण्ड शासन के पत्र के क्रम में 19 मई से 21 मई तक विश्वविद्यालय एवं उसके समस्त परिसरों में राजकीय शोक रहेगा। इस अवधि में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवनों पर राष्टीय ध्वज आधा झुका रहेगा तथा किसी प्रकार के शासकीय मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे साथ हीए पूर्व मुखयमंत्री की अन्त्येष्टि के अवसर पर बुधवार (आज) को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन एवं समस्त परिसरों के कार्यालय बंद रहेंगे। हालांकि पूर्व निर्धारित विश्वविद्यालय परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यथावत संपन्न कराई जाएंगी।

# राज्यपाल ने कुविवि, उत्तराखंड मुक्त विवि व सोबन सिंह जीना विवि के कुलपतियों के साथ की बैठक

नैनीताल
हमारे संवाददाता





सूबे के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने मंगलवार को लोक भवन में कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहानी तथा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट के साथ अलग-अलग बैठक कर विश्वविद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, शोध व नवाचार और विद्यार्थियों के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बैठक के दौरान तीनों कुलपतियों ने राज्यपाल को विश्वविद्यालयों में संचालित शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध कार्यों, कौशल विकास आधारित गतिविधियों, नवाचार तथा विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख शिक्षा से जोडने् के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस दौरान राज्यपाल ने उच्च शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, स्टार्टअप, उद्यमिता, नवाचार और कौशल विकास से जोडना् समय की आवश्यकता है ताकि वे रोजगार प्राप्त करने के साथ.साथ रोजगार सृजक भी बन सकें। राज्यपाल ने युवाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने तथा विश्वविद्यालयों को समाज से जोडने् के लिए सामुदायिक सहभागिता आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों का समग्र व्यक्तित्व और कौशल विकास सुनिश्चित करना होना चाहिए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक रिक्त पदों की स्थिति की जानकारी लेते हुए भर्ती प्रक्रियाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध हो ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मुहैया हो सके।राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में मुहैया अवस्थापना, सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उनके सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बुनियादी व्यवस्थाओं का सुदृढ़ होना आवश्यक है।

# ओवरलोड डंपरों के संचालन पर नपं अध्यक्ष और ट्रांसपोर्टरों में नोकझोंक

गूलरभोज
हमारे संवाददाता

नगर क्षेत्र में हरिपुरा जलाशय से मिट्टी ढोने वाले ओवरलोड डंपरों के संचालन पर सोमवार रात नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ और ट्रांसपोर्टर के बीच तीखी नोकझोंक हो गई।

बताया गया कि डंपर चालक नगर के बीच से 700 से 1000 क्विंटल मिट्टी ढो रहे हैं जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि डंपरों के चलने से पूरे नगर में धूल का गुबार फैल गया है। घरों और दुकानों में धूल जमने से आम नागरिकों के साथ व्यापारी भी परेशान हैं। कई लोग एलर्जी की शिकायत से भी जूझ रहे हैं। एक सप्ताह पहले कैनाल कॉलोनी नंबर-2 में वार्ड सभासद लखबीर लक्खा के नेतृत्व में महिलाओं ने विरोध किया था जिसके बाद डंपर दिन में बंद कर रात में चलाए जाने लगे।

सोमवार रात को लोगों ने कैनाल कॉलोनी नंबर 2 के चौराहे पर फिर डंपरों को रोक दिया। सूचना पर नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ट्रांसपोर्टरों से जनहित में इस रूट से न चलने का अनुरोध किया। इस पर ट्रांसपोर्टर शासन की ओर से जारी रॉयल्टी के आधार पर इसी रूट से जाने की जिद करने लगे। जब उनसे रूट मैप दिखाने को कहा गया तो उनके पास रूट मैप मौजूद नहीं था। इस पर नगर पंचायत अध्यक्ष और ट्रांसपोर्टरों के मध्य तीखी नोकझोंक हुई। लोगों ने चेतावनी दी कि नगर के बीच से जनहित में डंपरों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व 19 वर्षीय किशोर निखिल गढ़िया की डंपर की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। नागरिकों ने मांग की कि डंपर जंगल वाले वैकल्पिक मार्ग से निकाले जाएं।

## सिडकुल के अपशिष्ट से जहरीली हुई नदियां, प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम

रुद्रपुर। जिले से उत्तर प्रदेश की ओर बहकर जा रहे कथित प्रदूषित पानी के प्रति सीमावर्ती क्षेत्रों के किसानों में आक्रोश है। किसान कल्याण समिति ने डीएम को ज्ञापन सौंप जल्द निस्तारण की मांग की है। कार्रवाई के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। किसान कल्याण समिति बरेली के अध्यक्ष जयदीप सिंह बराड़, प्रबंधक वेद प्रकाश कश्यप किसानों के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के कई नगर क्षेत्रों का कचरा, गंदगी और सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र का रासायनिक अपशिष्ट सीधे कल्याणी, बेगुल पश्चिमी और बरौर नदी में छोड़ा जा रहा है। इससे उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों और पशुओं के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

# बेलबाबा बैरियर पर पुलिस मुठभेड़ जैसी घेराबंदी में झपटमार दबोचा, तमंचा-कारतूस व लूटी गई चैन बरामद

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चैन स्नैचिंग की घटना का खुलासा कर आरोपी को अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और लूटी गई सोने की चैन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की संदिग्ध बाइक भी बरामद की गई है।

एस आई आरती, व एस आई भूपेंद्र मेहता तथा एसओजी टीम अभियुक्त की तलाश में कोतवाली क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे में वांछित आरोपी बिना नंबर प्लेट की बाइक से रुद्रपुर रोड की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने बेलबाबा बैरियर पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। कुछ देर बाद संदिग्ध युवक बाइक पर आता दिखाई दिया, जिसे रोककर पूछताछ की गई। युवक ने अपना नाम आकाश कुमार गौतम निवासी खना गोटिया, सीबीगंज बरेली बताया। पुलिस को बाइक पर नंबर प्लेट न होने तथा इंजन-चेसिस नंबर घिसे मिलने पर शक हुआ। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध 315 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ सख्ती से पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने कुछ दिन पहले मुखानी रोड पर एक महिला से चैन झपटी थी और उसे बेचने के लिए रुद्रपुर जा रहा था। उसने यह भी बताया कि पुलिस और जनता से बचने के लिए तमंचा साथ रखता था तथा वारदातों में इस्तेमाल होने वाली बाइक की नंबर प्लेट हटाकर इंजन-चेसिस नंबर मिटा दिए थे।

पुलिस ने पीड़िता नीता साह को मौके पर बुलाकर बरामद चैन की पहचान कराई, जिस पर उन्होंने उसे अपनी चैन बताया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

# हाईकोर्ट ने पेशेवर वाहन चालक की याचिका पर दिया महत्वपूर्ण आदेश

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि यदि पेशेवर ड्राइवर किसी दुर्घटना के कारण वाहन चलाने के लिए पूरी तरह से अयोग्य हो जाता है तो उसकी कमाने की क्षमता में गिरावट को सौ फीसदी माना जाना चाहिए।

बता दें मंगलवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रवींद्र मैठानी की एकल पीठ ने भूपेंद्र सिंह रावत बनाम रवींद्र प्रकाश पंत मामले में यह निर्णय सुनाया। अदालत ने वर्कमैन कंपेन्सेशन कमिश्नर/ जिला मजिस्ट्रेट पिथौरागढ़ के उस पुराने आदेश को संशोधित कर दिया जिसमें अपीलकर्ता की विकलांगता 75 फीसदी होने के आधार पर मुआवजे की गणना केवल 60 फीसदी कमाने की क्षमता के नुकसान पर की गई थी।

मामले के अनुसार भूपेंद्र सिंह रावत वर्ष 2009 से एक वाहन चालक के रूप में कार्यरत थे। 8 मार्च 2010 को मुनस्यारी में वाहन चलाते समय वह एक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गए थे जिसमें उन्हें कई फ्रैक्चर हुए और मेडिकल बोर्ड ने उन्हें 75 फीसदी स्थायी विकलांगता का प्रमाण पत्र जारी किया था। उच्च न्यायालय ने सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न कानूनी सिद्धांतों और बीरेन्द्र कुमार मामले के उदाहरणों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि जब कोई व्यक्ति अपनी शारीरिक अक्षमता के कारण अपना मूल पेशा (ड्राइविंग) करने में पूरी तरह असमर्थ हो जाता है और उसका ड्राइविंग लाइसेंस भी रिन्यू नहीं हो सकता तो भले ही उसकी शारीरिक विकलांगता 75 फीसदी हो लेकिन उसकी अर्जन क्षमता का नुकसान शत प्रतिशत (सौ फीसदी) ही माना जाएगा। न्यायालय ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ दायर अपील को स्वीकार करते हुए मुआवजे की राशि को 2 लाख 39 हजार 457 से बढ़ाकर 3 लाख 99 हजार 096 रुपएं करने का आदेश दिया। इसके साथ ही अदालत ने बयाज दरों में भी सुधार किया। निचले प्राधिकरण द्वारा दिए गए 8 फीसदी बयाज को कर्मचारी मुआवजा अधिनियम 1923 की धारा 4-ए-(3) के प्रावधानों के विपरीत बताते हुए न्यायालय ने आदेश दिया कि दावेदार दुर्घटना की तारीख से एक महीने बाद यानी 7 अप्रैल 2010 से पूरी मुआवजा राशि पर 10 फीसदी प्रति वर्ष की दर से बयाज पाने का हकदार है।

## शराब लदी पिकअप पलटी 30 पेटी बोतलें चकनाचूर

गदरपुर। देहरादून से अंग्रेजी शराब लेकर पिथौरागढ़ जा रही पिकअप गाड़ी मंगलवार तड़के गदरपुर बाईपास मार्ग पर हादसे का शिकार हो गई।

खनन सामग्री से भरे घोड़ा वाहन की टक्कर लगने से पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में करीब 30 पेटी शराब की बोतलें टूट गई जबकि चालक-परिचालक को मामूली चोटें आई हैं।

# चाट खाने वाले ग्राहक के खाते में डाल दिये 90 हजार

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल क्षेत्र में चना चाट की रेहड़ी लगाने वाले फड़ कारोबारी की पत्नी ने चाट खाने वाले ग्राहक के ही खाते में 90 हजार का गलती से भुगतान कर दिया।

ग्राहक के चले जाने के बाद उसके मोबाइल पर रकम कटने का संदेश मिला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई, हालांकि पीड़िता के कोतवाली पहुंचने के बाद पुलिस ने ग्राहक को काठगोदाम में रुकवा लिया। जाकनारी के मुताबिक पापुलर कंपाउंड निवासी रिशु का पति मल्लीताल क्षेत्र में चना चाट की रेहड़ी लगाता है। मंगलवार दोपहर उसकी रेहड़ी से एक ग्राहक ने तीस रुपये की चाट खरीदी। जिसका भुगतान ऑनलाइन करने के बाद ग्राहक ने रिशु से चैक करने को कहा। आये हुए 30 रुपये चैक करने के दौरान मोबाइल चलाने की अधिक जानकारी नहीं होने से रिशु ने उसके खाते में 90,705 रुपये भेज दिये। कुछ देर बाद पति ने मोबाइल देखा तो खाते से बड़ी रकम कटने का मैसेज देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। भुगतान करने वाले के नंबर पर संपर्क किया गया तो उसका नंबर भी बंद आया, हालांकि मामला पुलिस तक पहुंचने के बाद व्यक्ति का नंबर भी लगा तो उसे काठगोदाम में रुकवा लिया गया। पुलिस ने रिशु व उसके पति को हस्तांतरित किये हुए रुपये लेने के लिए काठगोदाम भेज दिया है।

# जिला स्तरीय ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

चंपावत
हमारे संवाददाता




ताइक्कांडो एसोसिएशन की ओर से जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 100 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि रमेश ओली ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चंपावत के राहुल ने स्वर्ण, दिनेश कुमार, अमन सिंह, रविंद्र सिंह, जगत सिंह ने रजत पदक जीता।

सब जूनियर श्रेणी में आराध्या सिंह, नवी गोस्वामी, रुहानी चंद, देवांशी राणा, हर्षिता बिष्ट, अर्पित कापड़ी ने स्वर्ण, कैडेट के तहत 14 श्रेणी में सौरव भंडारी, करण चंद, यशमीत राणा ने स्वर्ण, अंडर-17 श्रेणी में अदिति सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। इस मौके पर मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष और मलखंब कोच, चकरपुर स्टेडियम हरि सिंह सचिव ताइक्कांडो एसोसिएशन चंपावत, ताइक्कांडो कोच चंपावत दिलदार अली, बॉक्सिंग कोच ललित पांडे, ताइक्कांडो निर्णायक आदि रहे।

## ट्रैप कैमरा में नहीं मिली तेंदुए की लोकेशन

चंपावत। नगर से लगी ग्राम पंचायत रायनगर चौड़ी में लोगों में तेंदुए का खौफ बना हुआ है। वन विभाग की ओर से लगाए ट्रैप कैमरे में तेंदुए की लोकेशन नहीं मिल पाई।

तेंदुए की डर से लोग शाम होते ही घरों में दुबक रहे हैं। वन विभाग की टीम लगातार ग्रामीणों को जागरूक कर रही है। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व तेंदुए ने रायनगर चौड़ी गांव में एक बछड़े पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था, इससे पूर्व भी तेंदुआ गांव में आता हुआ सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ था। सोमवार शाम को वन विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर लोगों को तेंदुए से बचाव के लिए सावधान रहने के लिए जागरूक किया।